बी.पी.ए.सी—113

# कला स्नातक

(बीएपीएएच)

## सत्रीय—कार्य

## जुलाई 2022-जनवरी 2023

## बी.पी.ए.सी—113 :विकास प्रशासन

समाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली—110068

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम संदर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

यह सत्रीय–कार्य जनवरी 2022 में इस पाठ्यक्रम में नामांकित छात्रों के लिए है।

आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 3 **अनुशिक्षक चिंहित सत्रीय काय (टी.एम.ए.)** करने होंगे, और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 2 सत्रीय कार्य करने होंगे। इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **बी.पी.ए.सी–113ः विकास प्रशासन** नामक कोर पाठ्यक्रम का सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) सम्मिलित है जो 6 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है। इस पुस्तिका में 3 सत्रीय कार्य हैं जिनके कुल 100 अंक हैं, तथा मूल्यांकन में 30 प्रतिशत अधिभार है।

**सत्रीय कार्य-I** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य-II** में मध्य श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्व प्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

**सत्रीय कार्य-III** में संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न हैं। यह प्रश्न व्यक्तियों, लेखन, घटनाओं तथा अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए है।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम संदर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यान पूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन; कौशल में सुधार होगा; तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

जैसा कि कार्यक्रम संदर्शिका में उल्लेख किया गया है आप सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमाकर ने होंगें।

**पूर्ण किए गए असाइनमेंट को जमा करना:**

| सत्र | ज्मा करने की अंतिम तिथि | जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2022 | 30 अप्रैल 2023 | अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को |
| जनवरी 2023 | 31 अक्टूबर 2023 | |

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेगें। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखेंगे:

1) **योजना** : सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर

आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढ़िए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

**2)संगठन** : अपने उत्तर की कच्ची रूप रेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें।

उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिश्चित करलें कि :

क) आपका उत्तर तर्क संगत और सुसंगत है;

ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

**3) प्रस्तुति करण** :जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हों उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवश्य सुनिश्चित करलें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

शुभकामनाओं के साथ,

लेक प्रशासन संकाय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,नई दिल्ली

# बी.पी.ए.सी–113 विकासप्रशासन

(अनुशिक्षक चिंहित सत्रीय कार्य)

कोर्स कोडः बी.पी.ए.सी–113

सत्रीय कार्य कोड :ए.एस.टी. / टी.एम.ए. / जुलाई–2022 जनवरी– 2023
कुल अंक:100

सत्रीय–कार्य मे ंतीन अनुभाग हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## सत्रीय–कार्य–क

**निम्नलिखित में प्रत्येक के उत्तर 500 शब्दों में दें।**

1. विकास प्रशासन के कार्यक्षेत्र को स्पष्ट कीजिए। 20

2. स्वतंत्रता के बाद से सरकार द्वारा किए गए प्रशासनिक सुधारों पर संक्षेप में एक टिप्पणी लिखिए। 20

## सत्रीय–कार्य–ख

**निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर 250 शब्दों में दीजिए।**

3. नवीन लोक सेवा की अवधारणा का वर्णन कीजिए। 10

4. स्थानीय निकायों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। 10

5. विकास के प्रति स्वयं सहायता समूह के दृष्टिकोण की व्याख्या करें। 10

## सत्रीय–कार्य–ग

**निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों में दीजिए।**

6. राजनीतिक दलों के लाभों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 6

7. नीति आयोग के कार्यों की व्याख्या करें। 6

8. स्वैच्छिक संगठन देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं–विस्तार से बताएं। 6

9. जनाग्रह–सेंटर फॉर सिटिजनशिप एंड डेमोक्रेसी पर एक टिप्पणी लिखिए। 6

10. ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति (VHSNC) की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां क्या हैं? 6